तेजस राजस्थान में जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया

चर्चा में क्यों?

हाल ही में एक हल्का लड़ाकू **विमान** तेजस एक ऑपरेशनल ट्रेनिंग सॉर्टी के दौरान **राजस्थान के जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।** स्वदेश निर्मित जेट से जुड़ी यह पहली ऐसी घटना है।

- **पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया** और **कोई हताहत** नहीं हुआ।

मुख्य बिंदु:

- दुर्घटना **पोखरण रेगिस्तान से लगभग 100 किमी. दूर हुई**, जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में एक **मेगा युद्ध खेल 'भारत शक्ति'** चल रहा था।
- सैन्य सूत्रों ने संकेत दिया कि तेजस जेट को इस अभ्यास का हिस्सा बनना था।
- तेजस विमान **हवाई युद्ध और आक्रामक हवाई सहायता मिशनों के लिये एक शक्तिशाली मंच है** , जबकि टोही तथा जहाज़-रोधी अभियान इसकी माध्यमिक भूमिकाएँ हैं।
- इसका निर्माण सरकारी एयरोस्पेस दिग्गज **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)** द्वारा किया गया है।
- फरवरी 2021 में, रक्षा मंत्रालय ने **भारतीय वायु सेना** के लिये 83 **तेजस MK-1A** जेट की खरीद हेतु हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपए का सौदा किया।

भारत शक्ति

- यह सेना, वायु सेना और नौसेना की **मारक क्षमता का प्रदर्शन करने वाला एक महत्त्वपूर्ण त्रि-सेवा अभ्यास है।**
- **पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारत-शक्ति** नाम के अभ्यास में।
- इस अभ्यास में केवल **स्वदेशी रूप से विकसित हथियार प्लेटफॉर्म और सिस्टम शामिल हैं।**
- अभ्यास में **CDS जनरल अनिल चौहान** समेत तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।
- इस अभ्यास के दौरान **आत्मनिर्भर भारत** की संकल्पना देखने को मिली।

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)

- यह एक भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी है, जिसका **मुख्यालय बैंगलोर में** है।
- 23 दिसंबर 1940 को स्थापित, HAL विश्व के सबसे पुराने, सबसे बड़े एयरोस्पेस और रक्षा निर्माताओं में से एक है।
- यह **रक्षा मंत्रालय** के प्रबंधन के तहत शासित होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tejas-crashes-near-jaisalmer-in-rajasthan